an>

Title :Need to transfer the vacant railway land near Lonawala Railway Station to Government of Maharashtra for setting up vehicle parking facility for tourists visiting Lonavala and Khandala.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल) ः मेरे संसदीय क्षेत्र में लोनावाला, खंडाला नाम से हिल स्टेशन आते हैं। इन हिल स्टेशन पर प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक पर्यटन हेतु आते हैं और यहां पर पर्यटकों की संख्या हर वर्ष बढ़ती जा रही है। यह हिल स्टेशन पूना-मुंबई के बीच में पड़ता है। इसी के अंतर्गत पूना-मुंबई के बीच में लोनावाला रेलवे स्टेशन पर पर्यटकों की गाड़ियाँ पार्क करनी पड़ती हैं। जिसकी वजह से यहां पर कई बार गाड़ियां चोरी होने की घटनाएं होती हैं तथा गाड़ी पार्क करने के लिए जगह कम होने के कारण यहां पर ट्रैफिक जाम की समस्या भी बढ़ती जा रही है। जबकि लोनावाला रेलवे स्टेशन के पास रेल विभाग की जगह खाली है। इस जगह पर कई सारे गैर-कानूनी व्यवसाय चल रहे हैं और रेलवे की इस जगह का इस्तेमाल गैर-कानूनी व्यवसाय के लिए हो रहा है।

मेरा सुझाव है कि अगर रेल विभाग द्वारा इस खाली जगह को लोनावाला नगर परिषद या महाराष्ट्र राज्य सरकार को पार्किंग के लिए दिया जाए ताकि ट्रैफिक जाम की समस्या खत्म होने के साथ ही साथ यहां आने वाले पर्यटकों को भी बड़ी राहत मिलेगी और लोनावाला, खंड़ाला में आने वाले पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी और स्थानीय नागरिकों को रोज़गार भी प्राप्त हो जायेगा।